## पेज 157

**प्रश्न 1:**

यदि के 'लक्षण – A' अलैंगिक प्रजनन वाली समष्टि के 10 प्रतिशत सदस्यों में पाया जाता है तथा 'लक्षण – B' उसी समष्टि में 60 प्रतिशत जीवों में पाया जाता है, तो कौन सा लक्षण पहले उत्पन्न हुआ होगा?

**उत्तर 1:**

जीवों में जो लक्षण पहले उत्पन्न होता है उसकी प्रतिशत मात्रा उनमे अधिक होती है। इसलिए, 'लक्षण – B' पहले उत्पन्न हुआ होगा।

**प्रश्न 2:**

विभिन्नताओं के उत्पन्न होने से किसी स्पीशीज का अस्तित्व किस प्रकार बढ़ जाता है?

**उत्तर 2:**

यदि स्पीशीज में विभिन्नताएँ कम हो या लगभग नहीं हो तो उन सभी मे एक विशेष प्राकृतिक परिस्थिति में ही रहने की क्षमता होगी। किसी कारणवश यदि प्रकृति में कोई बदलाव (जैसे: तापमान बहुत अधिक बढ़ जाए या कम हो जाए) आए, तो पूरी स्पीशीज का ही विनाश संभव है। इसके विपरीत यदि स्पीशीज में विभिन्नताएँ होंगी तो बदलाव कि स्थिति में कुछ जीव ऐसे भी होंगे जो इस बदलाव को सह सकें और धीरे धीरे अपने आप को इस बदले हुए मौसम के अनुसार अपने आप को ढाल ले। इस तरह से विभिन्नताओं के उत्पन्न होने से किसी स्पीशीज का अस्तित्व बढ़ जाता है।